भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †179
सोमवार, 04 दिसम्बर, 2023/13 अग्रहायण, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

ग्राम पर्यटन को प्रोत्साहन

†179. **श्री दुष्यंत सिंह:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने टिकाऊ पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए समर्पित योजनाओं, गंतव्य और उत्पाद विकास तथा अन्य पहलों के बनाए जाने के संबंध में कोई कार्रवाई की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या मंत्रालय के पास यूएनडब्ल्यूटीओ द्वारा इसकी अपनी सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांवों की सूची में अब तक चुने गए भारतीय ग्रामों के संबंध में आंकड़े हैं और ऐसे चयन का ग्राम पर्यटन पर क्या प्रभाव पड़ा है; और

(ग) राजस्थान राज्य में ग्राम पर्यटन का ब्यौरा और स्थिति क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क): पर्यटन मंत्रालय ने स्थायी और जिम्मेदार पर्यटन के लिए भारत को एक पसंदीदा वैश्विक गंतव्य के रूप में स्थापित करने के लिए स्थायी पर्यटन हेतु राष्ट्रीय कार्यनीति तैयार की है। इस कार्यनीति के कार्यान्वयन में मंत्रालय की सहायता के लिए मंत्रालय ने भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन संस्थान (आईआईटीटीएम) को केन्द्रीय नोडल एजेंसी- स्थायी पर्यटन (सीएनए-एसटी) के रूप में नामित किया है।

पर्यटन मंत्रालय ने स्थायी पर्यटन संबंधी राष्ट्रीय कार्यनीति के अनुसार, ट्रेवल फॉर लाइफ पहल की शुरूआत की है। ट्रेवल फॉर लाइफ का लक्ष्य पर्यटन संसाधनों की खपत हेतु पर्यटकों और पर्यटन व्यवसायों के लिए उठाए गए सुविचारित और सुनियोजित कदमों के माध्यम से देश में स्थायी पर्यटन का संवर्धन करना है।

देश में स्थायी और जिम्मेदार पर्यटन गंतव्यों को बढ़ावा देने और स्थायी पर्यटन संवर्धन के लिए, पर्यटन मंत्रालय ने आईआईटीटीएम, यूएनईपी और आरटीएसओआई के सहयोग से देश के विभिन्न क्षेत्रों के राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को कवर करते हुए क्षेत्रीय कार्यशालाओं का आयोजन किया है।

जन जागरूकता पैदा करने के लिए, पर्यटन मंत्रालय आईआईटीटीएम (केंद्रीय नोडल एजेंसी- स्थायी पर्यटन) के सहयोग से एक स्थायी पर्यटन मासिक समाचार पत्र जारी करता है और यूट्यूब पर पाक्षिक वेबिनार आयोजित करता है। संवेदीकरण के लिए विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर "सस्टेनेबल टूरिज्म इंडिया" के नाम से सोशल मीडिया हैंडल बनाए गए हैं।

उपर्युक्त के अलावा, पर्यटन मंत्रालय ने पर्यटक और गंतव्य केंद्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए स्थायी तथा जिम्मेदार गंतव्यों के विकास के उद्देश्य से अपनी स्वदेश दर्शन योजना को अब स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) का नया रूप दिया है।

(ख) : जी हां, तेलंगाना के पोचमपल्ली और गुजरात के धोरदो गांव को क्रमश: वर्ष 2021 और 2023 में यूएनडब्ल्यूटीओ द्वारा घोषित सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांवों की सूची में चुना गया था। इन चयनित गांवों को ग्रामीण पर्यटन गंतव्य के उत्कृष्ट उदाहरण के रूप में दृश्यता और अंतर्राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त होती है।

(ग) : पर्यटन मंत्रालय ने आईआईटीटीएम के सहयोग से सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम प्रतियोगिता 2023 शुरू की। अंतिम मूल्यांकन में भारत के 35 सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव सामने आए जिनमें राजस्थान के दो गांव यथा मेनार और नौरंगाबाद- श्री महावीरजी शामिल हैं।

****